**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**03.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने श्रम व रोजगार विभाग को विदेश में रोजगार के अवसर तलाश रहे युवाओं को सशक्त बनाने और उनकी मदद के लिए समर्पित वेबसाइट व मोबाइल एप्लीकेशन विकसित करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म में इच्छुक युवाओं का व्यापक डेटा संकलित किया जाएगा, जिससे विदेश में नौकरी पाने के दौरान पारदर्शिता बेहतर पहुंच व सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश से प्रत्येक वर्ष लगभग 10 हजार युवा रोजगार की तलाश में विदेश जाते हैं और करीब 5 हजार युवा उच्च शिक्षा ग्रहण करते हैं। सही जानकारी और उचित मार्गदर्शन के अभाव में यह संख्या क्षमता से कम है। मुख्यमंत्री ने श्रम व रोजगार विभाग को युवाओं को विदेश में रोजगार के सुरक्षित और वैध तरीकों के बारे में जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान शुरू करने के निर्देश भी दिए।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए प्राकृतिक व डिजिटल खेती को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। राज्यपाल आज चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में 26 वीं सीनेट बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिक अपने शोध कार्यों को किसानों की आय बढ़ाने पर केंद्रित करें। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक, शोध व प्रसार कार्यक्रमों और कृषि विस्तार के क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र में बादल फटने व भारी वर्षा से हुए नुकसान पर दुख जताया है। मंडी में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस भीषण त्रासदी से हुए भारी नुकसान से सराज क्षेत्र 25 वर्ष पीछे चला गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में अभी तक 30 से अधिक लोग लापता हैं और 9 शवों को बरामद कर लिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एन.डी.आर.एफ और एस.डी.आर एफ की टीमें सराज पहुंच चुकी है और मुख्यमंत्री ने भी कल क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्य पर्याप्त नहीं है और इसमें तेजी लाई जानी चाहिए।

**अलंकरण समारोह**

सेना प्रशिक्षण कमान आरट्रैक द्वारा आज शिमला में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। सेना प्रशिक्षण कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ जीओसी–इन–सी, लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने अलंकरण समारोह की अध्यक्षता की। इस दौरान, प्रशिक्षण वर्ष 2023–24 के लिए प्रतिष्ठानों और व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने कहा कि नए दौर में युद्ध के तरीके बदल गए हैं। अब युद्ध में ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2027 तक आरट्रैक ड्रोन सहित 33 नई तकनीकों का परीक्षण अपने जवानों को देगा, जिसके लिए 15 प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान विशेषज्ञता के केंद्र के रूप में विकसित किए जा रहे हैं।

---